

**मेहनत और बोलिंग दोनों करते रहो दबा के**

बोर्ड ने जन्मदिन के मौके पर शमी के साउथ अफ्रीका के खिलाफ लिए गए पारी में पांच विकेट को याद किया है। शमी ने 49 टेस्ट मैचों में भारत के लिए 180 विकेट लिए हैं।

## जन्मदिन पर मोहम्मद शमी को विराट कोहली की सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेजी से 100 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी गुरुवार तीन सितंबर को अपना 30वां जन्मदिन मना रहे हैं। शमी, इस समय इंडियन प्रीमियर लीग के लिए किंग्स इलेवन पंजाब की टीम के साथ यूएई में हैं। आईपीएल की शुरुआत 19 सितंबर से यूएई में होगी।

मोहम्मद शमी– इशांत शर्मा, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव और भुवनेश्वर कुमार– के साथ भारतीय पेस बैटरी का अहम हिस्सा हैं। शमी के इस जन्मदिन के मौके पर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने उन्हें बधाई दी। कोहली ने ट्वीट किया, श्हैपी बर्थडे मोहम्मद शमी। मेहनत और बोलिंग दोनों करते रहो दबा के। 2019 वर्ल्ड कप में शमी ने अफगानिस्तान के खिलाफ हैटट्रिक ली थी। वह वर्ल्ड कप में हैटट्रिक लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने थे। इससे पहले चेतन शर्मा ने 1987 के वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ हैटट्रिक ली थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी शमी को जन्मदिन की बधाई दी है। वहीं 77 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उनके नाम 144 विकेट हैं। 11 टी20 इंटरनैशनल मैच में उन्होंने 12 विकेट अपने नाम किए हैं।

# आईसीसी एलीट पैनल अंपायर्स नहीं दिखा रहे हैं दिलचस्पी

**क्रिकेट**

## मैच रेफरी की बात करें तो सिर्फ जवागल श्रीनाथ ही राजी हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। कोरोना वायरस महामारी का असर इंडियन प्रीमियर लीग में शामिल होने वाले एलीट पैनल के अंपायर्स पर भी पड़ रहा है।

सूत्रों के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आईपीएल के लिए ज्यादा से ज्यादा आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर्स को साथ जोड़ना चाहता है लेकिन अभी तक विदेश के सिर्फ तीन एलीट पैनल अंपायर्स ने ही इसके लिए हामी भरी है। वहीं आने से इनकार कर दिया है वहीं मैच रेफरी की बात करें तो सिर्फ जवागल श्रीनाथ ही इसके लिए राजी हुए हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आम तौर आईपीएल के सीजन के लिए छह विदेशी एलीट पैनल अंपायर्स की सेवाएं लेता है। उम्मीद की जा रही थी कि इस बार आईपीएल में ज्यादा एलीट पैनल अंपायर्स शामिल होंगे चूंकि फिलहाल कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं हो रहा है।



सूत्रों का कहना है कि बीसीसीआई अब भी अंपायर्स को राजी करने की कोशिश कर रहा है। एक सूत्र ने कहा, बीसीसीआई ने कुछ अंपायर्स से संपर्क किया है लेकिन उन्होंने इस ऑफर को ठुकरा दिया है। उदाहरण के लिए, कुमार धर्मसेना, जो आईपीएल का नियमित हिस्सा रहे हैं, लेकिन बीसीसीआई को साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि वह श्रीलंका में क्रिकेट में व्यस्त होंगे। कई अन्य अंपायर्स ने साफ तौर पर वजह तो नहीं बताई लेकिन वे सावधानी बरतिए। सूत्र ने कहा, एलीट पैनल के अंपायर्स को आईसीसी के अनुबंध से अच्छी–खासी रकम मिलती है। तो वे बेरोजगार नहीं हैं। इस वक्त वे कोई खतरा नहीं मोल लेना चाहते।

न्यूजीलैंड के क्रिस गाफने और रिचर्ड इलिंगवर्थ और इंग्लैंड के माइकल गॉफ के अलावा एलीट पैनल में नए शामिल हुए नितिन मोहन ने आईपीएल के लिए हामी भरी है।

भारत के अंतरराष्ट्रीय पैनल के अंपायर अनिल चौधरी, सी. शम्सुद्दीन, वीरेंदर शर्मा और केएन अनंतपद्मनाभन और पूर्व एलीट पैनल एस रवि भी इस लिस्ट में शामिल हैं। 12 अंपायर्स को जहां मैदान और टीवी अंपायर्स की जिम्मेदारी मिलती है वहीं तीन सिर्फ चौथे अंपायर की भूमिका में होते हैं। वे तीसरे अंपायर की भूमिका तभी निभाएंगे जब इमर्जेंसी की स्थिति में टीवी अंपायर को मैदान पर उतरना पड़े। बीसीसीआई के सूत्रों का कहना है कि यह भारतीय अंपायर्स के लिए अच्छा अवसर हो सकता है, जिन्हें अतीत में काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। मार्च में बनी शुरुआती लिस्ट में शामिल दो ऑस्ट्रेलियन अंपायर्स की जगह अब इंग्लिश अंपायर्स को शामिल किया गया है। सूत्रों का कहना है, बीसीसीआई ऐसे अंपायर्स को प्राथमिकता दे रहा है जिन्हें बायो बबल में हुए मैचों में काम करने का अनुभव हो। इसी वजह से दो इंग्लिश अंपायर्स को चुना गया है।

# अफवाह उड़ाने वाले मुझे और सीएसके को कामयाब होते नहीं देखना चाहते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुरेश रैना बीते काफी दिनों से चर्चा में हैं। कभी अपने संन्यास को लेकर और कभी इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन से बाहर होने को लेकर। रैना के आईपीएल के इस सीजन में न खेलने को लेकर तमाम सवाल उठे। पर चेन्नै सुपर किंग्स के इस वरिष्ठ बल्लेबाज ने पहली बार इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। रैना ने उनके बाहर होने को लेकर रहीं अटकलों पर विराम लगा दिया है।

रैना ने उन लोगों पर जमकर लताड़ लगाई है जो उनके आईपीएल को छोड़कर आने के बाद झूठी खबरें चला रहे हैं। इनमें से एक खबर यह थी कि रैना होटल दुबई में अपने होटल के कमरे से खुश नहीं थे और इसी वजह से वह वापस लौटे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इन खबर को मनगढ़ंत और प्लांटेड बताया। रैना ने कहा कि ऐसे लोग उन्हें या फ्रेंचाइजी को कामयाब होते नहीं देखना चाहते। रैना ने एनडीटीवी को बताया, श्ये सब मनगढ़ंत खबरें हैं। जो भी लोग मुझे जानते हैं उन्हें पता है कि ये खबरें झूठी हैं। ये ऐसे लोगों द्वारा फैलाई गई हैं जो मुझे या चेन्नै सुपर किंग्स को कामयाब होते नहीं देखना चाहते। होटल रूम जैसी ही कई खबरें सामने आईं। इसके अलावा एक खबर यह भी आई कि रैना और धोनी के बीच लड़ाई हुई जिसकी वजह से रैना को वापस आना पड़ा। इस बीच सुरेश रैना और चेन्नै की फ्रेंचाइजी के मालिक एन. श्रीनिवासन के बीच अनबन की भी खबरें आईं।

### घर वापस आने का फैसला पूरी तरह निजी: रैना

रैना ने कहा, सीएसकें मेरे लिए परिवार की तरह हैं। श्रीनि सर ने जो भी कहा उसे गलत अर्थ में लिया गया। वह मेरे लिए पिता की तरह हैं। 33 वर्षीय इस बल्लेबाज ने कहा कि घर वापस आने का फैसला उनकी तरह पूरी तरह निजी है।

रैना ने कहा, मैं निजी कारणों से वापस लौटा हूं। मुझे मेरे परिवार के लिए वापस आना था। कुछ जरूरी काम था जिस पर फौरन ध्यान दिया जाना था। चेन्नै मेरे लिए परिवार की तरह हैं और माही भाई मेरे लिए बहुत जरूरी हैं और वापस आना मुश्किल था।

## लंका प्रीमियर लीग 14 नवंबर से शुरू होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। लंका प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट का आयोजन इस साल 14 नवंबर से छह दिसंबर के बीच किया जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट ने यह जानकारी दी। एसएलपीएल का आयोजन पहले 28 अगस्त से 20 सितंबर के बीच होना था लेकिन कोविड–19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। एसएलसी ने बयान में कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट को बहुप्रतीक्षित लंका प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के नवंबर में शुरू होने की उम्मीद है।' यह टूर्नामेंट तीन अंतरराष्ट्रीय स्थलों रंगीरी दाम्बुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, पल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और सुरियावेवा महिंदा राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

इस 15 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में पांच टीमें भाग लेंगी और इसमें कुल 23 मैच खेले जाएंगे। पांच टीमें कोलंबो, कैंडी, गॉल, दाम्बुला और जाफना जिलों की होंगी। आयोजकों का कहना है, यह टूर्नामेंट न सिर्फ स्थानीय खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेलकर अपने हुनर को मांझने का मौका देगा बल्कि यह श्रीलंकाई फैंस को क्वॉलिटी क्रिकेट टूर्नामेंट देखने का अवसर भी देगा।

## न्यूज डायरी



### आलोचना करने वालों पर बरसे पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर उन लोगों पर जमकर बरसे हैं जो भारतीय क्रिकेटरों की तारीफ करने के लिए उनकी आलोचना करते हैं। अख्तर अपने यूट्यूब चैनल पर नियमित रूप से भारतीय और पाकिस्तानी क्रिकेटरों के खेल पर चर्चा करते हैं।

अख्तर ने इंग्लैंड में पाकिस्तानी टीम के खराब प्रदर्शन की आलोचना भी की थी। इसके साथ ही अख्तर भारतीय कप्तान विराट कोहली और उपकप्तान रोहित शर्मा की खुलकर प्रशंसा भी करते रहे हैं। अख्तर की यही बात पाकिस्तानी क्रिकेट के कुछ फैंस को पसंद नहीं आई है। क्रिकेट पाकिस्तान के साथ हालिया बातचीत में अख्तर से इस बारे में पूछा गया। उनसे भारतीय क्रिकेटरों की तारीफ करने पर होने वाली आलोचना को लेकर उनकी राय जानी गई। इस पर उन्होंने कहा कि लोगों को यह मान लेना चाहिए कि विराट कोहली इस समय दुनिया के चोटी के खिलाड़ी हैं और उनकी तारीफ की जानी चाहिए।

### पीसीबी को फिर याद आया पीएसएल 2020, बचे हुए 4 मैचों की कर दी घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की है कि पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी बचे चार मैच नवंबर में लाहौर में खेले जाएंगे। ये मैच कोविड–19 महामारी के कारण मार्च में स्थगित कर दिए गए थे। पीसीबी ने संशोधित कार्यक्रम जारी किया, जिसके अनुसार चोटी की दो टीमें मुल्तान सुल्तान्स और कराची किंग्स 14 नवंबर को क्वॉलिफायर में आमने सामने होंगी। इसी दिन लीग चरण में तीसरे स्थान पर रहे लाहौर कलंदर्स और चौथे स्थान की टीम पेशावर जाल्मी के बीच पहला एलिमिनेटर खेला जाएगा। क्वॉलिफायर में हारने वाली टीम और पहले एलिमिनेटर की विजेता टीम के बीच दूसरा एलिमिनेटर 15 नवंबर को होगा। फाइनल 17 नवंबर को खेला जाएगा। पीएसएल को कोविड–19 महामारी के कारण 17 मार्च को स्थगित कर दिया गया था।

### दुबई पहुंची बीसीसीआई की टीम के एक सदस्य को हुआ कोरोनाः आईपीएल सूत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग की तैयारियों की देखरेख के लिए यहां आए भारतीय क्रिकेट बोर्ड से जुड़े एक सदस्य को कोविड–19 के परीक्षण में पॉजिटिव पाया गया है। इस टी20 प्रतियोगिता का आयोजन 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच संयुक्त अरब अमीरात में किया जाएगा।

आईपीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई–भाषा से कहा, श्बीसीसीआई दल में शामिल एक सदस्य का परीक्षण पॉजिटिव आया है। मैं आपको यह नहीं बता सकता कि यह क्रिकेट संचालन टीम से जुड़ा है या चिकित्सा टीम से। परीक्षण चल रहे हैं और सभी स्वस्थ हैं और किसी में भी बीमारी का कोई लक्षण नहीं है। उन्होंने कहा, चिंता की कोई बात नहीं है। इससे पहले चेन्नै सुपरकिंग्स के दो खिलाड़ियों सहित 13 सदस्यों को पिछले सप्ताह इस घातक बीमारी से संक्रमित पाया गया था। अन्य टीमों ने आगमन पर पृथकवास पूरा करने और सभी सदस्यों के परीक्षण निगेटिव आने के बाद अभ्यास शुरू कर दिया है।

### राजीव गांधी खेल रत्न ' पुरस्कार का नाम बदलकर खिलाड़ी के नाम पर किया जाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चंडीगढ़। भारतीय महिला रेसलर बबीता फोगाट ने बुधवार को कहा कि राजीव गांधी खेल रत्न अवॉर्ड का नाम किसी प्रतिष्ठित खिलाड़ी के नाम पर रखा जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही कहा कि यह अवॉर्ड यदि किसी खिलाड़ी के नाम पर होता तो ज्यादा उपयुक्त होता। इंटरनैशनल स्तर की दिग्गज रेसलर बबीता ने ट्वीट किया, 'खेल से जुड़े पुरस्कार किसी महान या सम्मानित खिलाड़ी के नाम पर होने चाहिए और किसी राजनेता के नाम पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'राजीव गांधी खेल रत्न का नाम बदलकर किसी खिलाड़ी के नाम पर रखने के सुझाव आपको कैसा लगा।' संवाददाताओं ने जब इस मुद्दे पर उनकी प्रतिक्रिया मांगी तो बबीता ने कहा, 'खेल रत्न पुरस्कार का नाम पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नाम पर रखा गया है।